**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**9:20बजे**

**मुख्य समाचार''**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को दे रही नया आकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता।
- सोलन जिले के अर्की में हुए अग्निकांड में अभी तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि, 5 लापता लोगों की तलाश जारी।
- फसलों का त्यौहार लोहड़ी देश सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा।
- प्रदेश में शीतलहर से जनजीवन प्रभावित–राज्य के 18 से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे।

**प्रधानमंत्री –युवा नेता संवाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को नया आकार दे रही है। यह बात उन्होंने नई दिल्ली में कल विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग के समापन सत्र में कही। इसमें देश भर के 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि यंग लीडर्स डायलॉग एक ऐतिहासिक और अनूठी पहल है जो कम समय में ही महत्वपूर्ण मंच के रूप में स्थापित हो गई है। उन्होने कहा कि यह संवाद अपने आप में एक विचार–मंथन मंच बन गया है।

**अग्निकांड**

सोलन ज़िले में अर्की स्थित पुराने बस अड्डे के समीप बीते दिन भीषण अग्निकांड में अभी तक 4 प्रवासी लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। ज़िला प्रशासन सहित कई टीमें राहत व बचाव कार्य में जुटी हुई है और अभी भी 5 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। ये सभी लोग नेपाल के रहने वाले थे। स्थानीय विधायक संजय अवस्थी ने भी मौके पर पहुंच कर राहत व बचाव कार्यों का जायज़ा लिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भी हादसे पर गहरा दुख जताया है। लापता लोगों की तलाश के लिए आज एन डी आर एफ और डॉग स्क्वाड की टीम ने सर्च अभियान शुरू कर दिया है। एसडीएम अर्की निशांत तोमर ने बताया कि अभी तक मिले मृत लोगों के अवशेषों की पहचान डी एन ए रिपोर्ट के बाद ही संभव हो पाएगी।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कल शिमला में ऊर्जा क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक मे उन्होंने विभिन्न बांधों और जलाशयों से गर्मियों के मौसम में पानी के वाष्पीकरण का विस्तृत अध्ययन करने के अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में ग्लेशियरों के पिघलने की दर तथा बाढ़ प्रबन्धन का वैज्ञानिक अध्ययन करने को भी कहा। उन्होंने स्मार्ट मीटर पर विस्तृत चर्चा की तथा फीडर बिलिंग की मैपिंग करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री कहा कि 13 जल विद्युत परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूरा होने से राज्य में ऊर्जा दोहन में 1 हजार 2 सौ 29 मेगावाट क्षमता की वृद्धि हुई है।

**लोहड़ी**

फसलों का त्यौहार लोहड़ी आज मनाया जा रहा है। यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश में मनाया जाता है।

विस्तृत ब्यौरा इस रिपोर्ट में

*लोहड़ी का पर्व सर्दियों की लंबी रातों के खत्म होने और गर्मियों के लंबे दिनों का स्वागत करती है, मकर सक्रांन्ति से सूर्य उत्तरी गोलार्ध की ओर अपनी यात्रा शुरू करता है। लोहड़ी से जुड़ी सबसे प्रचलित परंपरा अलाव जलाने की रही है, जो बुरी शक्तियों के नष्ट होने और सौभाग्य के आगमन का प्रतीक है। यह त्योहार ज्यादातर फसलों की कटाई और खुशी से जुड़ा हुआ है। लोहड़ी पर्व पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को बधाई दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने भी लोहड़ी पर्व की बधाई दी है।*

## राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन

प्रदेश सरकार लोगों की आजीविका में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। खासकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी होकर सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की भीमा देवी आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं।

मनीष/मंडी

*प्रदेश सरकार लोगों की आजीविका में सुधार लाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के माध्यम से कई जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। खासकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सहायता, प्रशिक्षण और ऋण सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने पैरों पर खड़ी होकर सम्मानजनक जीवन जी रही हैं। इन्हीं योजनाओं का लाभ उठाकर मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल की भीमा देवी आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। सुंदरनगर शहर की निवासी भीमा देवी पहले छोटे स्तर पर सिलाई का कार्य करती थीं, लेकिन काम नियमित न होने से आमदनी सीमित थी। इसके बाद वे राधे मुकुंद स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं और यहीं से उनकी जिंदगी ने नई दिशा ली। आज वे सिलाई के कारोबार से हर माह 25 से 30 हजार रुपये तक की आमदनी अर्जित कर रही हैं। साथ ही कई युवतियों को प्रशिक्षण देकर उन्हें भी स्वरोजगार से जोड़ रही हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।*

## संसद बजट सत्र

केंद्रीय बजट 2026–27 पहली फरवरी को पेश किया जाएगा। संसद का बजट 28 जनवरी से शुरू होगा और 2 अप्रैल तक चलेगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जानकारी देते हुए कहा कि लोकसभा में बजट सुबह 11 बजे पेश किया जाएगा। बजट सत्र के आरंभ में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अपना अभिभाषण देंगी। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा चरण 9 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान 30 बैठकें होंगी।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में आज बादल छाए हुए हैं। प्रदेश में जहां शीतलहर से जनजीवन प्रभावित हुआ है वहीं कड़ाके की ठंड और कोहरे की मार झेलनी पड़ रही है। राज्य के 18 से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 15 जनवरी तक प्रदेश में मौसम सामान्यतः साफ बना रहने की संभावना है।

*मौसम वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि आगामी 24 घंटों में तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। अगले चार दिनों तक मौसम शुष्क बना रहेगा। 16 की शाम से वेस्टर्न डिस्टरबेंस प्रदेश के क्षेत्रों चंबा और लाहौल स्पीति में इफेक्ट करेगा और उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है।*

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। तबादलों से जुड़ी खबर को **दैनिक भास्कर** ने शीर्षक दिया है **राज्य सरकार ने किया बड़ा प्रशासनिक फेरबदल 8 आई ए एस और एच ए एस अधिकारियों के तबादले। पंजाब केसरी** ने लिखा है **13 आई ए एस व एच ए एस अधिकारियों के तबादले, गंधर्व राठौर को डी सी हमीरपुर का जिम्मा।**

**हिमाचल दस्तक** के अनुसार **सरकार ने चिटटा तस्करी में शामिल 11 पुलिस कर्मचारी नौकरी से किए बर्खास्त।**

"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर "

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी देश के भविष्य को दे रही नया आकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–पर्यावरण संरक्षण के साथ ऊर्जा क्षेत्र को सशक्त बनाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता।
- सोलन जिले के अर्की में हुए अग्निकांड में अभी तक 4 लोगों की मौत की पुष्टि, 5 लापता लोगों की तलाश जारी।
- फसलों का त्यौहार लोहड़ी देश सहित प्रदेश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा।
- प्रदेश में शीतलहर से जनजीवन प्रभावित–राज्य के 18 से अधिक स्थानों पर न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे।

..............